दैनिक
न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-
फीचर-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, रविवार 16 जनवरी 2022
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

# मौसम की तल्खी

कहते हैं आमतौर पर मुंबई में लोग दिसंबर के महीने में पसीना पोंछते नजर आते थे, लेकिन इस बार मौसम ने ऐसी करवट ली कि नये साल में न्यूनतम तापमान ने पिछले एक दशक का रिकॉर्ड तोड़ दिया। देश की आर्थिक राजधानी में साल की शुरुआत में तापमान 15 से लेकर 13 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा। कहा जा रहा है कि मुंबई वाले इस तापमान के लिये नहीं बने हैं। सोशल मीडिया में मुंबई की ठंड को लेकर खूब फिकरे कसे जा रहे हैं और लोग गर्म कपड़े तलाश रहे हैं। केवल मुंबई के मौसम की तल्खी ही चर्चा में नहीं है, पूरा उत्तर भारत मौसम की करवट से दो-चार रहा। लुढ़कते पारे ने लोगों की तमाम मुश्किलों में इजाफा कर दिया। गरीब को तो मौसम की तल्खी झेलनी ही होती है, लेकिन अबकी बार अमीर भी परेशान हैं। वजह है देश में कोरोना संकट की तीसरी लहर का होना। ठंड लगने से होने वाला सर्दी-जुकाम शक पैदा कर देता है कि कहीं कोरोना की चपेट में तो नहीं आ गये। दरअसल, दोनों के प्रारंभिक लक्षण मिलते-जुलते जो हैं। यूं तो सर्दी में अलाव तापने की तस्वीरें पूरे देश से आती रही हैं लेकिन मुंबई में सार्वजनिक स्थलों में ऐसा दृश्य अनूठा ही कहा जायेगा। दरअसल, मुंबई की ठंड की वजह उत्तर भारत में पड़ी ज्यादा ठंड को बताया जा रहा है, लेकिन महाराष्ट्र में कई जगहों पर बारिश के साथ ओले पड़ने के भी समाचार मिले थे, जिसका प्रभाव मुंबई के तापमान पर पड़ा। लेकिन यह तय है कि देश-दुनिया मौसम में जो अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव महसूस कर रही है, उसके मूल में कहीं न कहीं ग्लोबल वार्मिंग का संकट भी है। मौसम के इस तेवर का असर पूरी दुनिया में है। यहां तक कि मध्यपूर्व के रेगिस्तानी इलाकों में बर्फबारी की खबरें आ रही हैं। पाकिस्तान के एक हिल स्टेशन में पिछले दिनों हुई अप्रत्याशित बर्फबारी में 22 लोग कारों में ही दम घुटने से मर गये।

निस्संदेह देश के अनेक हिस्सों में ठंड की तल्खी रक्त जमाने वाली है जो कि सामान्य मौसम-चक्र से अलग है। पहाड़ी राज्यों में हुई अप्रत्याशित बर्फबारी ने मैदानी इलाकों में सामान्य जीवन को भी बाधित किया है। वह भी जब कोरोना का नया वेरिएंट ओमीक्रोन देश में लाखों लोगों को रोज अपनी चपेट में ले रहा है, ऐसे में मौसम की तल्खी ने दोहरी चिंता बढ़ा दी है। यूं तो ठंड और बारिश इस मौसम में सामान्य बात है लेकिन इसकी तीव्रता परेशान करने वाली है, जिसने उत्तर भारत के राज्यों में तापमान में अप्रत्याशित कमी की है। मौसम विज्ञानी बता रहे हैं कि मौसम की तल्खी की एक वजह पश्चिमी विक्षोभ भी है, जिससे उत्तर-पश्चिमी भारत में अधिक बारिश हुई और पारा लुढ़का। इसके मूल में अरब सागर के ऊपर अधिक नमी के क्षेत्र का विकसित होना रहा। इस हवा के मध्य भारत की ओर उन्मुख होने से बारिश की स्थितियां बनी हैं। जब ये हवायें हिमालयी राज्यों से चलीं तो मैदानी इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ा है, जिसके अनुकूल लोगों को खुद को ढालने में परेशानी का सामना करना पड़ा है। इस संकट का सबसे ज्यादा शिकार समाज का वंचित तबका ही होता है, जिसके नसीब में छत तक नहीं है। हाशिये के लोगों को राहत देने की बातें तो सरकारें करती हैं, लेकिन हकीकत में इन्हें किस सीमा तक मदद मिलती है यह एक यक्ष प्रश्न है। खासकर यह स्थिति तब विकट हो जाती है जब देश एक महामारी के दौर में हो। देश में चुनाव केंद्रित राजनीति के शोर में समाज का वंचित वर्ग भगवान भरोसे ही नजर आता है। हाल-फिलहाल ठंड से जल्दी राहत मिलने की भी संभावना नजर नहीं आती। ऐसे में समाज के संपन्न तबके व स्वयं सेवी संस्थाओं का भी दायित्व बनता है कि मौसम की तल्खी झेलने वाले वंचित समाज की मदद को आगे आयें। स्थानीय प्रशासन की भी जिम्मेदारी है कि बेघरों के लिये बनाये गये रैन बसेरों में रहने व खाने की पर्याप्त व्यवस्था हो। महामारी के दौर में यह चुनौती बड़ी है।

# चिप की कमी से यात्री वाहन की आपूर्ति दिसंबर में 13 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** वाहन उद्योग के निकाय सियाम ने कहा कि सेमीकंडक्टर की कमी के कारण उत्पादन प्रभावित होने के चलते कारखानों से डीलरों को यात्री गाड़ियों की आपूर्ति पिछले साल दिसंबर में 13 प्रतिशत घटकर पांच साल के न्यूनतम स्तर पर आ गई।



दिसंबर 2020 में 2,52,998 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने 2,19,421 इकाइयों की आपूर्ति हुई। उद्योग निकाय ने स्वीकार किया कि अल्पावधि में नाटकीय रूप से चिप की कमी दूर नहीं होगी, लेकिन उम्मीद जताई कि हालात जल्द सुधर जाएंगे।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2021 में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री भी 11 प्रतिशत गिरकर 10,06,062 इकाई रह गई, जो इससे एक साल पहले की इसी अवधि में 11,27,917 इकाई थी।

पिछले साल दिसंबर में मोटरसाइकिल की बिक्री दो प्रतिशत घटकर 7,26,587 इकाई थी, जो इससे एक साल पहले इसी अवधि में 7,44,237 इकाई थी। स्कूटर की बिक्री भी 24 प्रतिशत घटकर 2,46,080 इकाई रह गई जो इससे एक साल पहले 3,23,757 इकाई थी।

चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री 15 प्रतिशत घटकर 7,61,124 इकाई रह गई, जो इससे एक साल पहले की समान अवधि में 8,97,908 इकाई थी। इसी दौरान दोपहिया वाहनों की बिक्री 25 प्रतिशत घटकर 35,98,299 इकाई रह गई। एक साल पहले इस तिमही में यह 47,82,110 इकाई थी।

हालांकि व्यावसायिक वाहनों की बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है। बीते दिसंबर तिमाही में इस श्रेणी के 1,94,712 वाहन बिके जबकि अक्टूबर-दिसंबर 2020 में यह आंकड़ा 1,93,034 था। तीसरी तिमाही में सभी श्रेणी के वाहनों की बिक्री में 22 फीसदी की कमी आई है। बीते दिसंबर तिमाही में 46,36,549 वाहन बिके जबकि वर्ष 2020 की इसी तिमाही में 59,46,283 गाड़ियां बिकी थी।

सियाम के अध्यक्ष केनिची आयुकावा ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बिक्री के आंकड़े ज्यादातर कंपनियों के लिए उम्मीद के मुताबिक नहीं थे। वास्तव में, त्योहारी सीजन की बिक्री पिछले सालों की तुलना में बहुत कमजोर थी। दूसरी लहर (कोविड की) के तुरंत बाद मांग में बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन आपूर्ति पक्ष के मुद्दों के कारण उद्योग को इस मांग को पूरा करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

# एसबीआई ने ताइवान में सूचीबद्ध होने वाले बांड से जुटाए 30 करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र के बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी लंदन की शाखा के माध्यम से ताइवान के बाजार में सूचीबद्ध होने वाले बांड निर्गम से 30 करोड़ डॉलर जुटाए हैं। ये बांड फोर्मोसा बांड हैं जो जारी तो ताइवान में किए जाएंगे पर ये नए ताइवानी डॉलर नहीं बल्कि दूसरी मुद्राओं में अंकित होंगे।




एसबीआई ने पांच साल की मियाद वाले इन बांड पर कूपन दर (देय ब्याज) 2.49 प्रतिशत है।

भारत के किसी सरकारी बैंक ने पहली बार फोर्मोसा बांड जारी किया है। विज्ञप्ति के मुताबिक इन्हें ताइपे, सिंगापुर तथा भारत में इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज आईएफएससी लि में सूचीबद्ध होंगे। बैंक के प्रबंध निदेशक अश्विन कुमार तिवारी ने कहा कि फोर्मोसा बांड की यह सफलता दर्शाता है कि एसबीआई ने विदेशी बाजारों में निवेशकों के बीच कितना बड़ा भरोसा बनाया है।

# विदेशी मुद्रा भंडार में एक बार फिर गिरावट, अब 87.8 करोड़ डॉलर घटा

**नई दिल्ली।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार फिर कमी आई है। 7 जनवरी 2022 को खत्म हुए सप्ताह में यह 87.8 करोड़ डॉलर घटकर 632.736 अरब डॉलर पर आ गया है। भारतीय रिजर्व बैंक यानी आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक इससे पहले 31 दिसंबर 2021 को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 1.466 अरब डॉलर घटकर 633.614 अरब डॉलर रहा था। इसी तरह 24 दिसंबर को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 58.7 करोड़ डॉलर घटकर 635.08 अरब डॉलर रह गया था। वहीं, 17 दिसंबर, 2021 को खत्म हुए सप्ताह में यह 16 करोड़ डॉलर घटकर 635.667 अरब डॉलर था।



आरबीआई के जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 7 जनवरी को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में यह गिरावट मुख्य रूप से फॉरेन करेंसी एसेट यानी एफसीए में कमी की वजह से आई है। एफसीए कुल मुद्रा भंडार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि रिपोर्टिंग वीक में भारत की एफसीए 49.7 करोड़ डॉलर घटकर 569.392 अरब डॉलर आ गया। डॉलर में बताई जाने वाली एफसीए में विदेशी मुद्रा भंडार में रखी यूरो, पाउंड और येन जैसी दूसरी विदेशी मुद्राओं के मूल्य में वृद्धि या कमी का प्रभाव भी गणना में आता है।

इसके अलावा रिपोर्टिंग वीक में गोल्ड रिजर्व का मूल्य 36 करोड़ डॉलर घटकर 39.044 अरब डॉलर हो गया। रिपोर्टिंग वीक में इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी एमआईएफ में देश का एसडीआर यानी स्पेशल ड्राइंग राइट 1.6 करोड़ डॉलर घटकर 19.098 अरब डॉलर रह गया। आईएमएफ में देश का मुद्रा भंडार भी 50 लाख डॉलर घटकर 5.202 अरब डॉलर रह गया है।

# रोमांचक मुकाबले में गुजरात को हराकर बुल्स टेबल टॉपर बने

**बेंगलुरू।** पवन सेहरावत (19 अंक) के सीजन के सातवें सुपर-10 की बदौलत बेंगलुरू बुल्स ने शुक्रवार को गुजरात जाएंट्स को हराकर वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। सीजन के 54 वें मुकाबले में बुल्स ने गुजरात को 46-37 से हराया। 10 मैचों में अपनी सातवीं जीत के साथ बुल्स पटना पाइरेट्स को हटाकर टेबल टापर बन गए हैं। दूसरी ओर,



गुजरात की नौ मैचों में यह पांचवीं हार है। यह टीम 11वें स्थान पर है। गुजरात के लि एचएस राकेश (14 अंक) ने सीजन का तीसरा सुपर-10 पूरा किया लेकिन दूसरे रेडरों का साथ नहीं मिलने और डिफेंस की फेल्ड टैकल्स के कारण वह अपनी टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके।

# दोनों भारतीय कोचों को ड्रा से समझौता करना पड़ा

**बैमबोलिन।** भारतीय कोचों डेरिक परेरा और खालिद जमील के बीच मुकाबले में जीत किसी के हाथ नहीं लगी। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी और एफसी गोवा के बीच शुक्रवार को बैम्बोलिन स्थित जीएमसी एथलेटिक स्टेडियम में खेला गया हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 का लीग मुकाबला 1-1 की बराबरी पर छूटा।




इस ड्रा से कोच डेरिक परेरा की टीम गोवा को एक अंक मिला और वो एक स्थान के फायदे के साथ नौवें से आठवें स्थान पर पहुंच गई है। उसके 11 मैचों में तीन जीत और चार ड्रा से 13 अंक हो गए हैं। उधर, एक अंक पाने के बावजूद नॉर्थईस्ट यूनाइटेड दसवें स्थान पर बरकरार है। खालिद जमील की टीम 11 मैचों में दो जीत और तीन ड्रा से नौ अंक अर्जित कर चुकी है। वैसे, ड्रा रहे इस मैच में दबदबा गोवा का रहा। उसके खिलाड़ियों ने ज्यादा आक्रामक फुटबॉल खेली। एफसी गोवा के स्पेनिश फॉरवर्ड जोर्गे ओर्टिज को शानदार आक्रामक फुटबॉल का प्रदर्शन करने के लिए हीरो ऑफ द मैच अवार्ड से नवाजा गया।

मैच का पहला गोल दूसरे मिनट में आया, जब कप्तान हेर्नान सेंटेना की शानदार किक से नॉर्थईस्ट यूनाइटेड 1-0 से आगे हो गई। स्पेनिश मिडफील्डर ने यह गोल फ्री-किक पर किया। नॉर्थईस्ट के कप्तान ने बॉक्स के बाहर लगभग 25 गज की दूरी से बेहतरीन राइट फुटर किक लगाकर गेंद को गोलपोस्ट के अंदर भेज दिया जबकि गोवा के गोलकीपर धीरज मोइरंगथेम दाहिनी तरफ डाइव लगाने के बावजूद बचाव नहीं कर सके। फ्रीकिक के रूप में यह सुनहरा मौका सेंटेना के खिलाफ गोवा के डिफेंडर लिएंडर डीज्कुन्हा के स्लाइडिंग टैकल के कारण बना।

## आज का राशिफल

मेष : मन कुछ असमान्यताओं का शिकार होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

बृषभ : अत्याधिक बोलना लाभ से वंचित करेगा। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी आपका मन नकारात्मकता से प्रभावित रहेगा।

मिथुन : काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। व्यहारकुशलता से प्रशंसनीय होंगे।

कर्क : स्वाभिमानी व्यहार लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

सिंह : पुरानी स्थितियों में सुधार का समय आ गया है। महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति आलस्य न करें। स्वाभिमानी मन व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने बाधक होगा।

कन्या : बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं का समाधान करेंगे। किसी नये क्षेत्र में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित दिखेंगे।

तुला : भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नीरसता लाएंगी। जीविका क्षेत्र में कुछ नये आयाम उत्साहित करेंगे।

वृश्चिक : किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। मजबूत मनोबल के साथ कुछ साहसी कार्यों में हाथ डालेंगे।

धनु : पुरानी बातों को भूल वर्तमान के साथ समझौता करें। सगे-संबंधें मेंलोचनात्मक रवैया छबि पर बुरा प्रभाव डालेगा। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।


मकर : नियोजित प्रयास द्वारा कोई बड़ी सफलता अर्जित करेंगे। आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिश्रम हेतु मन केंद्रित होगा।

कुंभ : हर स्थिति का बड़ा ही नम्रता पूर्वक समना कर अच्छे व्यक्ति त्व के परिचायक बनें। अपने अंदर कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

मीन : नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रय तीव्र होगा। विभागीय परिवर्तन कुछ दिक्क तों का सामना करना पड़ सकता है। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। घर में प्रसन्नता रहेगी।

# जी ले जरा में विक्की कौशल की एंट्री, कैटरीना के साथ बन सकती है जोड़ी

फिल्म जी ले जरा पिछले काफी समय से सुर्खियों में है। यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि इसमें एक शानदार स्टारकास्ट नजर आने वाली है। फिल्म में एक या दो नहीं, बल्कि तीन हसीनाएं नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा, कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट को फिल्म के लिए कास्ट किया गया है। अब इससे अभिनेता विक्की कौशल का नाम भी जुड़ गया है। वह फिल्म में कैटरीना के अपोजिट नजर आ सकते हैं।




रिपोर्ट के मुताबिक, जी ले जरा से अब एक अभिनेता का नाम भी जुड़ गया है और वह हैं विक्की कौशल। खास बात है कि फिल्म के निर्माता विक्की को उनकी पत्नी बन चुकीं कैटरीना कैफ के अपोजिट कास्ट करने वाले हैं। यह विक्की और कैटरीना की साथ में पहली फिल्म हो सकती है। सूत्रों ने कहा है कि विक्की हर हाल में इस फिल्म का हिस्सा बनेंगे और निर्माता जल्द ही फिल्म में उनके नाम की पुष्टि करेंगे।

इस फिल्म का निर्देशन फरहान अख्तर कर रहे हैं। उन्होंने पिछले साल अगस्त में फिल्म की घोषणा की थी। यह एक रोड ट्रिप पर आधारित होगी। ऐसा पहला मौका होगा, जब प्रियंका, कैटरीना और आलिया किसी फिल्म में साथ नजर आएंगी। जी ले जरा के जरिए फरहान निर्देशन की दुनिया में वापसी कर रहे हैं। आखिरी बार उन्होंने 2011 में फिल्म डॉन 2 के निर्देशन की कमान संभाली थी। फिल्म की कहानी फरहान की बहन जोया अख्तर ने लिखी है।

# अक्षय कुमार और इमरान हाशमी ने नई फिल्म सेल्फी का किया ऐलान

अक्षय कुमार और इमरान हाशमी ड्राइविंग लाइसेंस की हिन्दी रीमेक को लेकर दर्शकों की जुबां पर हैं। हाल में ऐसी खबरें आई थीं कि इस फिल्म की हिन्दी रीमेक का शीर्षक सेल्फी होगा। अब मेकर्स ने इस खबर पर अपनी मुहर लगा दी है। मेकर्स ने फिल्म का टीजर जारी करते हुए दिलचस्प अंदाज में फिल्म की घोषणा की है। फिल्म का निर्देशन राज मेहता कर रहे हैं।



अक्षय ने ट्विटर पर फिल्म का टीजर शेयर किया है। इसमें अक्षय का मस्तमौला अंदाज सामने आया है। वह पियानो बजाते हुए नजर आए हैं। काले लिबाज में ठुमका लगाते अक्षय क्या खूब जंच रहे हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे कुछ फैंस उनके साथ सेल्फी लेने की बात कहते हैं। अक्षय ने अपने ट्विटर पोस्ट में लिखा, पेश है सेल्फी। एक ऐसा सफर जो आपको भरपूर मनोरंजन, हंसी और भावनाओं की ओर ले जाएगा। जल्द शुरू होगी शूटिंग।

## बनाएं - रागी के पकौड़े

**पकौड़े सेहत के नजरिए से तो अच्छे नहीं होते लेकिन इसमें कुछ एक्सपेरिमेंट्स करके इसे थोड़ा हेल्दी तो बनाया ही जा सकता है। तो आइए आज बनाते हैं रागी के पकौड़े।**



### सामग्री :

2 कप उबले आलू, 1 कप बेसन, 3 टेबलस्पून रागी का आटा, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, नमक स्वादानुसार, 1 टीस्पून चावल का आटा, तलने के लिए तेल, 2 बारीक कटी हरी मिर्च, कुछ बारीक कटा धनिया

### विधि :

एक बोल में बेसन, रागी, चावल का आटा, नमक, लाल मिर्च पाउडर, हरी मिर्च, धनिया और मैश किए हुए आलू मिलाएं। ध्यान रखें कि इस घोल को सेट होने के लिए नहीं रखना है, वरना यह पानी छोड़ देगा।कड़ाही में तेल डालकर गर्म करें।

इसे मनचाही शेप दें और तेल में सुनहरा होने तक डीप फ्राई कर लें।

प्लेट पर एब्जॉर्बेंट पेपर बिछाएं। रागी फ्रिटर्स निकालें। धनिए और पुदीने की चटनी के साथ गर्मागर्म सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 321

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## सू-दोकू- 321

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |